**न्यायालय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–प्रथम्, गोपालगंज।**

**सत्रवाद संख्या 514/2023, जादोपुर थाना कांड संख्या–148/2022**
**सरकार**
**बनाम**
**फिरोज अंसारी एवं अन्य**

दिनांकः–19.11.2025

सभी चार अभियुक्तों की हाजिरी दी गयी है। अभियोजन की ओर से एक आवेदन दिनांक 19.11.2025 को इस आशय का दिया गया है कि सत्रवाद संख्या 514/2023 एवं सत्रवाद संख्या 639/2022 एक ही थाना कांड संख्या जादोपुर थाना कांड संख्या 148/2022 से संबंधित है। दोनों वाद में आरोप गठन हो चुका है एवं दोनों अभिलेख साक्ष्य हेतु श्रीमान् के न्यायालय में लंबित है। अतः दोनों वादों को एकीकृत करने का आदेश देने की कृपा की जाए।

सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि दोनों सत्रवाद जादोपुर थाना कांड संख्या 148/2022 से संबंधित है। दोनों अभिलेख साक्ष्य हेतु लंबित है। न्यायहित में दोनों वादों का विचारण एक साथ किया जाना आवश्यक है। अतः सत्रवाद संख्या 514/2023 एवं सत्रवाद संख्या 639/2022 को एकीकृत करने का आदेश दिया जाता है। कार्यालय सत्रवाद संख्या 514/2023 को सत्रवाद संख्या 639/2022 में संलग्न करें।

पीठ लिपिक सी.आई.एस. पर इस वाद को निष्पादित एवं एकीकृत दिखावें।

लेखापित

D.A.J.-I[st]